**80. निम्न में से कौन सा सुमेलित नहीं है?**

(a) राष्ट्रीय मरू उद्यान- जैसलमेर

(b) जोगनिया माता मंदिर - भीलवाड़ा

(c) सुनहरी कोठी - सीकर

(d) मूसी महारानी की छतरी -अलवर

**Gram Vikash Adhikari (Mukhya Pariksha) 09-07-22**

**Ans. (c) :** सुनहरी कोठी राजस्थान के ''टोक'' जिले में स्थित है। इसका निर्माण ''नवाब मोहम्मद इब्राहिम अली खान'' द्वारा करवाया गया था। इस कोठी को ''शीशमहल'' के नाम से भी जाना जाता है।

**81. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-**

| सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|
| (a) बरखान | (i) | आबू पर्वत खंड |
| (b) लाठी शृंखला | (ii) | बालू का स्तूप |
| (c) इंसेलबर्ग | (iii) | शुष्क झील |
| (d) प्लाया | (iv) | भूगर्भिक जलपट्टी |

**सही कूट है-**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | ii | iv | iii | i |
| (b) | iv | ii | i | iii |
| (c) | iii | iv | i | ii |
| (d) | ii | iv | i | iii |

**Gram Vikash Adhikari (Mukhya Pariksha) 09-07-22**

**Ans. (d) :** सूची-I और सूची-II का सुमेल निम्नलिखित हैं-

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| (a) | बरखान | - | बालू का स्तूप |
| (b) | लाठी शृंखला | - | भूगर्भिक जलपट्टी |
| (c) | इंसेलबर्ग | - | आबू पर्वत खण्ड |
| (d) | प्लाया | - | शुष्क झील |

**82. कर्नल जेम्स टॉड ने, 'हिन्दू ओलम्पस' किसे कहा है?**

(a) टॉडगढ़

(b) ऊपरमाल का पठारी भाग

(c) माउण्ट आबू

(d) उत्तर–पश्चिमी मरूस्थल

**I.A. 2018**

**Ans. (c) :** कर्नल जेम्स टॉड ने माउण्ट आबू शिखर को 'हिन्दू ओलम्पस' कहा है। यह राजस्थान का हिल स्टेशन है। जेम्स टॉड ने राजस्थान के इतिहास पर लेखन कार्य किया। पश्चिमी भारत की यात्रा नामक पुस्तक में राजपूताना की स्थिति, वंशावली, सामन्त व्यवस्था, इतिहास पर लिखा है।

**83. वर्ष 2017 के दौरान IT गतिविधियों व स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए डिजिफेस्ट का आयोजन निम्न में से किन शहरों में किया गया?**

(a) कोटा व उदयपुर (b) कोटा व जयपुर

(c) कोटा व अजमेर (d) कोटा व जोधपुर

**I.A. 2018**

**Ans. (a) :** वर्ष 2017 में IT गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा स्टार्टअप को बढ़ावा देने हेतु डिजिफेस्ट का आयोजन कोटा एवं उदयपुर में किया गया। यह 1 दिसम्बर को कोटा में तथा 2-3 दिसम्बर को उदयपुर में आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य निवेशकों को आकर्षित करने, नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने हेतु था।

राजस्थान में 11-13 नवम्बर 2022 को जोधपुर में राजस्थान डिजिफेस्ट का आयोजन किया गया।

**84. राजस्थान सरकार की ई-मेल सेवा का क्या नाम है, जो कि यूजर्स को उनके ई-मेल एड्रेस क्षेत्रीय भाषाओं में व हिन्दी में बनाने की सुविधा देती है?**

(a) HindiBhashaMail (b) RajMail

(c) MeriBhashaMail (d) RjMail

**I.A. 2018**

**Ans. (b) :** राजस्थान सरकार की ई-मेल सेवा का नाम 'RajMail' है जो यूजर्स को उनके ई-मेल एड्रेस क्षेत्रीय भाषाओं में एवं हिन्दी भाषा में बनाने की सुविधा देती है। यह एक मुफ्त ई-मेल सेवा है। राज्य सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग ने यह विशेष सुविधा विकसित की है। राजस्थान देश का पहला राज्य है जहां अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा में ई-मेल आईडी बनाने की सुविधा है।

**85. निम्न में से किस वर्ष में राजस्थान में पेटेन्ट सूचना केन्द्र (PIC) की स्थापना की गई?**

(a) 1998 (b) 1999

(c) 2000 (d) 2002

**I.A. 2018**

**Ans. (a) :** राजस्थान में पेटेन्ट सूचना केन्द्र (PIC) की स्थापना वर्ष 1998 ई. में की गयी। इसकी स्थापना प्रौद्योगिकी सूचना, पूर्वानुमान और मूल्यांकन परिषद (TIFAC), विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग एवं भारत सरकार की एक संयुक्त परियोजना के रूप में की गयी। बौद्धिक सम्पदा अधिकारों पर जागरूकता उत्पन्न करने और क्षेत्र से पेटेंट दाखिल करने की सुविधा के लिए भारत और राजस्थान सरकार का प्रमुख उद्देश्य नवोन्मेषों एवं शोधकर्ताओं को सुविधा प्रदान करना है।

**86. राजस्थान सरकार ने जयपुर, उदयपुर और जोधपुर के वायु गुणवत्ता सूचकांक के बारे में जानकारी साझा करने के लिए मोबाइल एप्लीकेशन ......... लॉन्च किया है।**

(a) राजवायु (b) वायुराज

(c) राजहवा (d) हवाराज

**Pashudhan Sahayak Date. 04.06.2022**